विधानसभा अध्यक्ष ने ऊर्जा शिक्षा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

रविवार, 29 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 77, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

पंचतत्व में विलीन हुए आर्थिक सुधारों के नायक डॉ मनमोहन सिंह

नई दिल्ली। आर्थिक सुधारों के जनक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

देश में आर्थिक पुनर्जागरण के सूत्रधार, विकास के नए द्वार खोलने वाले सुधारों के जनक और राजनीति में सादगी तथा सौम्यता के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिंह की तीन बेटियों में से सबसे बड़ी बेटी उपिंदर सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। देश तथा दुनिया के कई गणमान्य लोगों, राजनीतिज्ञों और आम लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को निगमबोध घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफूल ने भी निगमबोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सिंह की अंत्येष्टि के समय उनकी पत्नी गुरशरण कौर, तीनों पुत्रियां और कई रिश्तेदार मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री का सिख धर्म के अनुष्ठानों और उद्घोष के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता च्जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगाज्ज् और च्मनमोहन सिंह अमर रहेंज्ज् जैसे नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय च्24 अकबर रोडज् में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। सिंह के निधन के बाद से देश और दुनिया की हस्तियां द्वारा शोक जताने तथा उनके योगदान को याद करने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें च्एक सच्चा राजनेताज्ज् बताया और भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय सहयोग के च्अभूतपूर्व स्तर काज्ज् श्रेय उनकी रणनीतिक समझ और राजनीतिक साहस को दिया। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस ने कहा कि मनमोहन सिंह एक महान नेता थे जिन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के माध्यम से अमेरिका-भारत संबंधों को मौलिक रूप से नए स्तर पर लाने में मदद की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को मनमोहन सिंह को एक उत्कृष्ट राजनेता बताया था और भारत-रूस संबंधों को च्विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिकज् साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने में उनके योगदान को याद किया था। मॉरीशस ने घोषणा की है कि सिंह के सम्मान में शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में उसका राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। सिंह के निधन के शोक के बीच उनकी अंत्येष्टि और स्मारक स्थल को लेकर उस वक्त एक विवाद भी खड़ा हुआ जब सरकार ने उनका अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला किया और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर का अपमान किया गया है। कांग्रेस की मांग थी कि उनका अंतिम संस्कार उसी स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक बन सके। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार रात कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी। सिंह का पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके आवास च्3 मोतीलाल नेहरू मार्गज् पर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां दलगत भावना से ऊपर उठकर नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख नेताओं तथा अन्य हस्तियों ने मनमोहन सिंह को उनके आवास पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी थी।

नम आंखों से देश ने किया आखिरी सलाम

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया था और कहा था कि उन्होंने राष्ट्रीय जीवन पर अपनी छाप छोड़ी है और उनके निधन से राष्ट्र ने एक प्रख्यात राजनेता और जनेमाने अर्थशास्त्री को खो दिया है। कांग्रेस कार्य समिति ने भी शुक्रवार शाम बैठक कर सिंह के निधन पर शोक जताया था और उनके योगदान को याद किया। कार्य समिति ने कहा था कि भारत ने एक ऐसा सच्चा राजनेता खोया है जिनके जीवन तथा कार्यों ने देश के भविष्य को दिशा दिखाई। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे सिंह वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे और उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। वह वित्तीय और आर्थिक क्षेत्रों में वैश्विक स्तर की एक प्रसिद्ध हस्ती थे।

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में भरवेली बना चैंपियन

ट्राई ब्रेकर में कवर्धा को एक गोल से हराया, विजेता टीम को 31 हजार रुपए से सम्मानित किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम मनेरी में न्यू सद्भावना खेल एवं युवा कल्याण समिति तथा ग्राम वासियों के तत्वधान में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक 7 दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को सम्पन्न हुआ 7 दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त फुटबॉल टीमों ने भाग लिया है राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कवर्धा और भरवेली के बीच हुआ मैच में मध्यांतर के पहले दोनों टीमों ने एक एक गोल कर बराबरी पर थे मध्यांतर के बाद भरवेली ने दूसरा गोल कर एक गोल से बढ़त हासिल किया बीस मिनट बाद कवर्धा ने भी दुसरा गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया

दोनो टीमों ने एक से बढ़कर एक मुकाबला किया मैच में दोनो टीमों ने दो दो गोल कर बराबरी में समाप्त कर किया निर्णायक ने दोनों टीमों को ट्राई ब्रेकर में 5 , 5 गोल कर फिर से बराबरी पर ला दिया फिर दोनों टीमों को दो दो गोल ट्राई ब्रेकर में 1 गोल से भरवेली ने जीत दर्ज किया प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू और जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सरपंच जुगत साहू थे विजेता टीम भरवेली को प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपए से सम्मानित किया उपविजेता टीम कवर्धा को 21 हजार से सम्मानित किया इनके अलावा मैन आफ द मैच व अन्य पुरस्कार से भी अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया सात दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में आयोजन समिति के पोहन साहू नोहर साहू बलराम साहू ताराचंद साहू चेतन साहू केवल साहू अनिता साहू नरेश साहू नरबद बाई सहित आयोजन समिति सदस्य तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में चलेगी शीतलहर : जनवरी के पहले सप्ताह में आएगा ठंड का पीक

धीरज तिवारी

रायपुर। गुजर रहे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से अभी लग रही गर्मी साल के अंत में कम हो जाएगी। जनवरी का स्वागत ठंड से होगा और पहला सप्ताह सीजन का पीक रहेगा। नए साल में सरगुजा संभाग में शीतलहर चलने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा के उत्तर-पूर्वी होने के बाद प्रदेश में ठंड के पीक की वापसी होगी। दिसंबर के शुरुआती दस दिनों में जोरदार ठंड पड़ी और रायपुर समेत कई शहरों में कई सालों का रिकार्ड टूट गया। इसके बाद लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम को ऐसा बदला कि पिछले 17 दिन से सरगुजा संभाग में ठंड कम हो गई है। मध्य और बस्तर में तो जैसे गर्मी का माहौल बन गया है और पंखे का सहारा लेना पड़ रहा है। काफी समय से रात का तापमान सामान्य ने नीचे नहीं उतरा है। अभी पश्चिमी विक्षोभ गुजर रहा है और नियमित रूप से बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का आगमन हो रहा है, जिसकी वजह से मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार विक्षोभ का असर दो दिन में पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

रेल यातायात ठप्प, रेलयात्री हलाकान

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। दर्रेकसा सालेकसा के बीच में अप दिशा की लाईन पर दो रेलगाड़ी के पिंटो टूट जाने के कारण अप लाईन की रेल

यातायात कई घंटो तक ठप्प पड़ गया था जिसके कारण रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. यह घटना सुबह लगभग 9.15 बजे का बताया गया है जिसके कारण एक्स्प्रेस ट्रेन से लेकर पैसेंजर ट्रेन बीच सेक्शन में लगभग 4 घंटे से अधिक रेल यात्री सेक्शन में फंसे रहे जिसके कारण रेल यात्रियों को मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ा. ज्ञात हो कि दुर्ग दर्रेकसा के बीच तीसरी रेल लाईन बन जाने के बाद से 2 किमी. के अंतराल में रेलगाड़ी का परिचालन किया जा रहा है. अप लाईन में दो ट्रेनों का पिंटो टूट जाने के कारण कई प्रमुख ट्रेने दरभंगा एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्स्प्रेस डोंगरगढ़ के स्टेशन में खड़ी थी तो अन्य ट्रेनों को बीच सेक्शन में तथा कुछ ट्रेनों को राजनांदगांव स्टेशन में खड़ा कर दिया गया था जिसके कारण दुर्ग, राजनाँदगांव डोंगरगढ़ के बीच रेल यातायात से प्रतिदिन सफर करने वाले कर्मचारी अपने समय से कार्यालय नहीं पहुँच पाए जिसके कारण कार्यालयों में कार्य ठप्प रहा और हितग्राही अधिकारी कर्मचारी के इंतजार में भटकते रहे. प्रमुख रूप से जनपद पंचायत डोंगरगढ़, मंडी, तहसील कार्यालय में कार्य प्रभावित रहा तो दूसरी ओर ट्रेन में फंसे रेल यात्री से लेकर परिजनो में आक्रोश देखा गया. इसको लेकर मुख्य स्टेशन प्रबंधक गुरुचरण सिंग शेट्ठी से चर्चा करने पर घटना की पुष्टि करते बताया गया कि दर्रेकसा सालेकसा के बीच दो ट्रेनों की पिंटो एवं ओएचई वायर को क्षति पहुँचा था जिसके कारण रेल यातायत प्रभावित था. युध्द स्तर पर कार्य कर दोपहर 1.45 बजे रेल यातायात बहाल कर दिया गया.

अठारह दिवसीय सुंदरकांड महाकुंभ के द्वितीय दिवस श्री शिव महापुराण कथा की शोभायात्रा निकली

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड पाठ महाकुंभ के द्वितीय दिवस पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने के पूर्व भव्य कलश एवं श्री शिव महापुराण पोथी यात्रा गिरधर मन भवन से प्रारंभ होकर श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंची । कलश यात्रा में सैकड़ों माता बहने कलश धारण किए हुए थी । मुख्य यजमान जुगी बाई सोहन देवांगन एवं शारदा किशन देवांगन श्री शिव महापुराण पोथी एवं भगवान भोलेनाथ को अपने शीश पर धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए । कलश यात्रा के श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचते ही कथा प्रारंभ हुई ।

भाजपा की नीति नियत में खोट - आरक्षण में ओबीसी पर चोट -शाहिद भाई

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार कि आरक्षण नियम की पोल खोलते हुए कहा के वर्तमान में जिस प्रकार से आरक्षण नियमों का पालन करते ग्राम,जनपद,जिला पंचायत, नगरीय निकाय के आरक्षण प्रक्रियाधीन है उसके चलते पूरे प्रदेश के एक भी जिला पंचायत सीट में ओबीसी का अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित नहीं होने वाला है जो राज्य के ओबीसी वर्ग के साथ छ ग की भाजपा सरकार का अन्यायकारी नीति है।

महामंत्री शाहिद भाई ने जिला पंचायत अध्यक्षों के आरक्षण की तुलनात्मक सारणी को स्पष्ट करते हुए बताया कि जहां पूर्व में 2019 में जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए 7 सीट आरक्षित थी वहां वर्तमान में शून्य होने की स्थिति है ऐसे में आरक्षण नियमों के बदलाव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की बातें भी झुठी साबित हो रही है क्योंकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि जहां ओबीसी की जनसंख्या अधिक है वहां पंचायत स्तर एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में ओबीसी को लाभ दिया जाएगा लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने जो आरक्षण नियम राजपत्र में प्रकाशित कर प्रक्रिया निर्धारित की है उसमें ओबीसी को अलग से कोई आरक्षण का लाभ देने का उल्लेख नहीं है ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, नगरी निकायों में एससी-एसटी के लिए 50 प्रतिशत या उससे अधिक स्थान आरक्षित हो वहां पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं करने का स्पष्ट उल्लेख इस बात को प्रमाणित करता है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित क्षेत्रों में भी 25त्न सीट ओबीसी के लिए आरक्षित की थी वर्तमान में जिस प्रकार से नगरीय निकायों के आरक्षण प्रक्रिया अपनाई गई वह भी पूर्ण रूप से दोषपूर्ण है क्योंकि आरक्षण प्रक्रिया को वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाकर किया गया है जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण की प्रक्रिया 2024 की पिछड़ा वर्ग आयोग के जनगणना के आधार पर किया गया है इसी दोस्त पूर्ण प्रक्रिया के चलते वर्तमान में हुए नगरी निकाय के आरक्षण में कांकेर नगर पालिका में ओबीसी के पूर्व में पांच सीट पार्षद के आरक्षित थी जो वर्तमान में चार सीट हो गई है इसी प्रकार अंतागढ़ नगर पंचायत में ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं हुई है यही हालत बस्तर सरगुजा सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में है इससे यह साफ होता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार आरक्षण नियमों को उलझा कर स्थानीय निकाय के चुनाव नहीं करने की अपनी साजिश पूर्ण मंशा के साथ काम कर रही है है कुल मिलाकर राज्य सरकार स्थानीय स्तर के नेतृत्व को भी आगे नहीं आने देना चाहती है।

प्रदेश के एक भी जिला पंचायत में नहीं होगा ओबीसी अध्यक्ष ?

nandgaon times dec-29-2.qxd 12/28/2024 10:37 PM Page 2

विधानसभा अध्यक्ष ने ऊर्जा शिक्षा उद्यान में म्यूजिकल फाउण्टेन तथा पूर्व में स्थापित 50 किलो वॉट क्षमता के बंद पड़े सोलर ऑनग्रिड संयंत्र को कार्यशील करने के दिए निर्देश

पुन: प्रारंभ होगा म्यूजिकल फाण्डेशन, सीईओ क्रेडा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान एवं विभिन्न ग्रामों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऊर्जा शिक्षा उद्यान में म्यूजिकल फाउण्टेन तथा पूर्व में स्थापित 50 किलो वॉट क्षमता के बंद पड़े सोलर ऑनग्रिड संयंत्र को कार्यशील करने के लिए क्रेडा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर श्री राजेश सिंह राणा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव एवं विभिन्न ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव के निरीक्षण के दौरान पूर्व में स्थापित 50 किलो वॉट क्षमता के बंद पड़े सोलर ऑनग्रिड संयंत्र को कार्यशील करने, म्यूजिकल फाउण्टेन को पुन: नागरिकों के मनोरंजन के लिए मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए नवीन झूले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यायाम उपकरण एवं पार्क को आकर्षित बनाने के लिए रंग रोगन कार्य कराने कहा। इस दौरान उन्होंने क्रेडा जिला कार्यालय एवं जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर श्री राजेश सिंह राणा ने राजनांदगांव प्रवास के दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन फेस-2 अंतर्गत ग्राम मलईडबरी, ग्राम तेलीटोटा (टप्पा) में स्थापित किये जा रहे सोलर ड्यूल पंपों के गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि संयंत्र कार्यशील है, परन्तु ग्राम के कुछ घरों तक पानी पहुंचने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर जिला प्रभारी को संयंत्र में त्वरित सुधार करवाने निर्देशित किया। इसके बाद ग्राम डब्बा में सीएसपीडीसीएल एवं सेकी द्वारा स्थापित 150 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लांट एवं ग्राम डुन्डेरा के

शासकीय पीएमश्री शालाओं में नवीन स्थापित 2.4 किलोवॉट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए स्थापित संयंत्र से बच्चों को दूर रखने एवं आवश्यक सावधानी रखने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर श्री राजेश सिंह राणा ने सौर सुजला योजना अंतर्गत ग्राम सिंघोला में हितग्राही कृषक श्री माधोराम साहू के खेत पहुंचकर खेत में सिंचाई कार्य हेतु स्थापित 3 एचपी क्षमता के सोलर पंप का निरीक्षण किया गया। किसान श्री माधोराम साहू ने बताया कि सोलर पंप को लगे 1 वर्ष हो गया है। इस वर्ष मुझे 2.5 एकड़ खेत में धान की अच्छी फसल मिली है और गर्मी के समय सोलर पंप के माध्यम से सब्जी-भाजी की फसल लूंगा। उन्होंने बताया कि क्रेडा द्वारा संचालित नया सौर समाधान एप डाउनलोड किया है। एप के माध्यम से सोलर पंप के संबंध में शिकायत एवं सुधार कार्य कराने में सुविधा हो रही है।

जिला साहू संघ ने दी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के साहू सदन बसंतपुर में आज भागवत साहू की अध्यक्षता में जिला साहू संघ की जरूरी बैठक

सम्पन्न हुई।इस बैठक में विभिन्न विषयों पर समाज हित में सारगर्भित हुई चर्चा उपरांत सारे निर्णय को सूचिबद्ध कर आगामी बैठक में,आगे की कार्रवाई हेतु अध्यक्ष भागवत साहू को अधिकृत किया गया।प्रारंभ में बैठक की शुरुआत संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माता जी की पूजा अर्चना एवं आरती कर आरंभ किया गया।बैठक में आगामी7 जनवरी को राजिम में आयोजित संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव में जिलेवार के स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने संबंधी रणनीति तैयार की गई इस जिला पदाधिकारी-तहसील-परिक्षेत्र पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया साथ ही परंपरागत रूप से होने वाले राज्य स्तरीय वृहद राजिम माता जयंती महोत्सव में जिला साहू संघ का योगदान देने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि राजिम माता महोत्सव के लिए प्रत्येक घर से एक किलो चावल देने पर भी निर्णय लिया गया है।बैठक के अंत में देश के आर्थिक उदारीकरण के जनक देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर उन्हें दो मिनट की मौन धारण कर श्रद्दांजलि दी गई तथा देश में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर वहां उपास्थित जनों ने अपने उदगार व्यक्त किए।बैठक में सर्व श्री भागवत साहू, नीरा साहू, कुलेश्वर साहू ,महेश साहू,धनराज साहू, धरम साहू,सांवल दास साहू, डॉ.डूलेश्वर साहू, श्रीमती अंजू साहू,मंथीर साहू, हंसराज साहू, कुलदीप साहू,रामाधीन साहू, लक्ष्मण साहू,हेंमत साहू, शिवकुमार साहू विजय साहू,ईतवारी साहू,चंद्र शेखर साहू, यशवंत साहू तुलदास साहू,जे.के. साहू,हेंमत साहू, तेजेंद्र साहू ह्रदय राम हिरवानी ललिता साहू,बुंलद दास साहू,हेंमत साहू अनील साहू डोंगरगढ़,धरमदास साहू,मंथीरदास साहू,डोहरदास साहू,गिरधरलाल साहू सहित अंकालू साहू की मौजूदगी रही।ऊकाशय की जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी।

स्कूल बस एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन तथा वाहन चालकों का स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण 5 जनवरी को

राजनांदगांव। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा अंतर्गत कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव के क्षेत्राधिकार में संचालित सभी स्कूली बसों एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन तथा वाहन चालकों का स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण 5 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में किया जाएगा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को संस्था में संचालित सभी स्कूल बसों को यांत्रिकी खराबी हो तो सुधारकर सभी दस्तावेज सहित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

शुभांक
2-6-9
800-8 260-8

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

Email- eekhairа-phe@cg.gov.in

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ए में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग/सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित आमलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा क्र./ दिनांक सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	24/26.12.2024, 163419	विकासखंड छुईखदान के ग्राम सुर्रा SVSI	39.64
2	25/26.12.2024, 163420	विकासखंड छुईखदान के ग्राम मोहगांव SVSI	10.14
3	26/26.12.2024, 163421	विकासखंड छुईखदान के ग्राम कोहका SVSI	48.62
4	27/26.12.2024, 163422	विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम सिलयरी,टिंगनमारी, भाटाकला SVSI	32.36

नोट:- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 28.12.2024 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 15.01.2025 सायं 5.30 बजे तक है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

जी- 242504896/3

प्रोफेसर डॉ. उमा शेंडे को तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। एक ऐसी प्रेरणादायक शख्सियत, जिन्होंने अपने जीवन की हर चुनौती का साहस और धैर्य से सामना किया। उनका जीवन उन सभी के लिए मिसाल है, जो अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की आकांक्षा रखते हैं। शासकीय नर्सिंग कॉलेज, राजनांदगांव में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. उमा शेंडे ने नर्सिंग के क्षेत्र में अपने 27 वर्षों के समर्पित प्रयासों और उल्लेखनीय योगदान से नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उनकी इस उपलब्धि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली, जब तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अॅबिल महेश पोय्यामोझी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान न केवल डॉ. उमा शेंडे की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि डॉ. शेंडे की यह उपलब्धि उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता, और समाज के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में न केवल नई दिशाएं तय कीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा स्तंभ भी स्थापित किया है। प्रो. उमा शेंडे ने अपने लंबे करियर में नर्सिंग शिक्षा को एक नए स्तर पर पहुंचाने के लिए अथक प्रयास किए। उनका मानना है कि नर्सिंग महज एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ की स्टील सिटी भिलाई शहर से ताल्लुक रखने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी प्रो. डॉ. उमा शेंडे नर्सिंग शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। उन्होंने 1995 में भिलाई महिला महाविद्यालय नर्सिंग कॉलेज से बीएससी नर्सिंग, 2002 में चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग में एमएससी नर्सिंग, और 2013 में पीएचडी नर्सिंग की डिग्री हासिल की। इसके साथ ही, उन्होंने लोक प्रशासन और समाजशास्त्र में एमए, ष्ठ.ङ्ग.ह.स; ,क्ष्..स.रू, क्लॉर्जिंग थेरेपिस्ट,

अप्लाइड न्यूट्रीशन में डिप्लोमा, मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता, कथक नृत्य और योग शिक्षिका जैसे कई विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त की है। प्रो. उमा शेंडे का जीवन इस बात का उदाहरण है कि कैसे सच्चे दिल से समाज के लिए काम करना न केवल व्यक्ति की पहचान बनाता है बल्कि सभी लोगों को प्रेरित भी करता है। निस्संदेह, प्रो. उमा शेंडे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। उनका उद्देश्य केवल छात्रों को शिक्षा देना नहीं, बल्कि उनमें सेवा, संवेदना, और समर्पण की भावना का संचार करना हैं।

तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह

सुरगी (नांदगांव टाइम्स)। हमारे ग्राम सुरगी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन दिनांक 1, 2, 3 जनवरी 2025 को होने जा रहा है जो दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें मुख्य प्रवक्ता शिवम साहेब जी कबीर आश्रम नेपाल काठमाडू से, बलबीर साहेब जी बुड्ढानपुर आश्रम से अपने संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। अत: सभी भक्त जिज्ञासु सद्भाव सत्संग में शामिल होकर अपने जीवन को सफ्ल बनाने की कृपा करें। जिसमें स्व शोभाराम साहू, डॉ. मिथलेश चौधरी संरक्षक, बी डी साहू अध्यक्ष महेश सा महामद्री ओजस नाम उपाध्याय दी. जर ताहू नहासचिव, मनोज करंडे, एल डी हिरवानी अधिवका, मनोज चौधरी अधिवका राम स्वरूप देवागण एवंसकल कबीर पंथी जन कल्याणकारी समाज राजनांदगाव विशेष सहयोगी - गिरधारी साहू खुटेरी तुलदास लाल्ला शिक्षक अर्जुन्दा जोहन साहू शिक्षक राजनांदगाव रूपराम मास्टर ढाबा मगल शिक्षक रानीतराई, प्रहलाद दास देवरी राम मास्टर पारीखुर्द स्व रामरतन गुरूजी सुरगी, मावदारा देवरी, नारायण साहू मोखला. बाला राम साहू मोखला फूलचद साहू, नरेश साहू आरला, हीरा वन्द्राकर खुटेरी, रतन खुटेरी मुकुन्द साहू शिक्षक राजनांदगाव अकालू राम साहू, रिखीराम साहू उसरीबोड, नेमचंद साहू, मानिकपुरी गुरूजी उसरीबोड, भागवत साहू, (सयोजक जिला साहू समाज, चिकित्सा प्रकोष्ठ, राजनांदगाव), जे.एल साहू, बी आर साहू, भूषण राम साहू, ओंकार राम साहू, श्रीमति भूनेश्वरी साहू, श्रीमति कमला साहू, श्रीमति अन्नू साहू श्रीमति धीरज साहू, श्रीमति रूप सिंह साहू, श्रीमति हेमिन बाई, खेलूराम साहू, नेहरू लाल साहू आजूराम साहू, हेमराय कुम्मकार, पुरुषोत्तम दास, सतोष साहू, गोपी साहू तुमड़ीबोड़. हिरामन शिक्षक कोटरा भात्रा, अमृतदास चिखली, फकीरद। साहू बगला देवरी, सकल कबीर पंथी जनकल्याण कारी समाज राजनंदगाव, भगवानी साहू शकरपुर राजनादगाव, भारत साहू कसदी, सेवकदास बसतपुर राज आर डी साहू (व्याख्याता) वीराम कालोनो राजनादगाव श्री बैनदास साहू (शिक्षक), श्रीराम कालोनी राजनंदगांव, नरेन्द्र कुमार साहू गुण्डरदेही, कुंवरसिंह वर्मा राजनंदगांव, जीवन राम साहू एवं समस्त ग्रामवासी सुरगी द्वारा संपन्न होगा।

मेला मंडई में जमकर हुआ हंगामा.

मेमलस- गेल्लम पंचेयत पेंद्र।पेऊनक कठ.

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। पीटेपानी मेला मंडई में आरोपी और उसके साथियों के द्वारा हुड़दंग मचा कर मारपीट कर धारदार हथियार से प्रार्थी के ऊपर जानलेवा हमला करने की शिकायत सामने आई है. ज्ञात हो कि 27, 28 दिसम्बर की रात विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पीटेपानी में मेला मंडई का आयोजन किया गया था. देर रात 10 बजे के आसपास राजेंद्र सेन अपने साथियों के साथ दुर्गेश कंवर पिता स्व नरेश कंवर के उपर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला करने की शिकायत पुलिस में की गई है. समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं किया गया है. घटना को थाना प्रभारी मिलन सिंह से चर्चा करने पर बताया गया कि प्रार्थी अभी थाने नहीं पहुँचा है शिकायत मिलने के बाद आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी. इधर ग्रामीणों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि आरोपी के द्वारा किये गए हमला से मंडई मेला में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी. घटना से आक्रोशित कई ग्रामीणों के द्वारा आरोपी के सोल्ड सुपर स्प्लेन्डर को ईट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था. पुलिस मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है.

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौक के सम्मान में बौद्ध समाज मैदान में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आम्बेडकर चौक में (शराब दुकान) दारू भट्टी खुलने के खिलाफसमाज में व्याप्त हैं आक्रोश सोमवार को राजनंदगांव के मुख्य चौराह बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक में विदेशी शराब ष्भीमियमज् दुकान खुलने का बौद्ध समाज द्वारा विरोध कर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विदित हो कि 18 नवम्बर को विभिन्न अखबारों में सहायक आयुक्त आबकारी, राजनांदगांव द्वारा निविदा सूचना प्रकाशित कर विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) वार्ड नं. 22 को आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जीई रोड में अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सीएसएमसीएल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो नक्शानुसार निविदा आमंत्रित किया गया था। इसके विरोध में बौद्ध समाज में 27 नवम्बर को शराब दुकान आम्बेडकर चौक से हटाने निवेदन किया था। इस दौरान आबकारी आयुक्त ने मीडिया को ज्ञापन सौंपते समय छायाचित्र खींचते तथा मीडिया से बात करने से मना कर दिया था। इस आवेदन में सैकड़ों की संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने यह बताया था कि डॉ. आम्बेडकर संविधान निमाता हैं। समस्त जनसमुदाय का डॉ. आम्बेडकर के प्रति अथाह श्रृद्धा हैं चूंकि यह स्थल वर्तमान में सामाजिक सौहार्द का प्रमुख केन्द्र बिंदु है यदि यहां शराब दुकान खोली जाती है तो इससे समस्त बौद्ध अनुयायियों तथा जनमानस की भावना को ठेस पहुंचेगी तथा यहां का वातावरण दूषित होगा। बावजूद राज्य का आबकारी विभाग इसी चौक में शराब दुकान खोलने के लिए अड़ी बैठी हैं। वह तो 27 को देश में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दिवंगत हो जाने से जिला में शोक की लहर हैं वरन दुकान 27 को ही खुल गई होती। इस पूरे मामले पर बौद्ध समाज की बड़ी संस्था नगर बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष कॉति फुले की नेतृत्व में पूर्व प्राचार्य के एल टांडेकर जी, वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल खोब्रागड़े जी, युवा साथी राजू बारमाटे जी, सुशांत कुमार जी राहुल गजभिये शुभम रावत, सागर रामटेके की उपस्थिति में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आम्बेडकर भवन में सभा कर शराब दुकान हटवाने के लिए आगामी सोमवार 30 दिसम्बर को जिलाधीश महोदय के नाम ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया है। समाज के प्रमुखों ने इस ज्ञापन के माध्यम से बताने की कोशिश की है कि आम्बेडकर चौक में शासन द्वारा दारू भट्टी खोला जाना शहर की शान दिग्विजय स्टेडियम, भदौरिया नर्सिंग होम, जिला कलेक्टर कार्यालय तथा रेस्ट हाउस जाने के लिए वीआईपी रोड के लिए बाधा उत्पन्न करेगा। समाज का मानना है कि उक्त स्थान पर यदि दारू भट्टी खुलता है तो इससे सारे संस्थानों के सारे कार्य बाधित होंगे। पत्र में कहा गया है कि यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 किसी भी इसे संबंधित दुकान प्रतिष्ठान का विरोध किया जा सकता हैं सरकार चाहे तो नशा जैसे कोई भी पदार्थ के लिए अनुमति नही देगी।

नशा मुक्त हो राजनांदगांव

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की सभी नगर पालिका के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरूवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफमुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करने की कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ0ग0)

राजस्व मामला क्रमांक 202412093700047
अ-6 'अ' वर्ष 2024-25

: : ईश्तहार : :

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल साहू आ. स्व. भगत, निवासी शीतला मंदिर रोड़, चिखली वार्ड नं. 05. राजनंदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला चिखली स्मित शीट क्रमांक 56 बी, भूखण्ड क्रमांक-33, क्षेत्रफल 102.00 जो धारकगण रामप्रसाद आ. भगतराम, सुकलदीनबाई ब. भगतराम साहू, निवासी-चिखली के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड के सहधारक रामप्रसाद के स्थान पर श्यामलाल अंकित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 10.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत वाहन किया गया राजसात

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव से प्राप्त प्रतिवेदन एवं अन्य जानकारी के आधार पर छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गए प्रावधान के तहत वाहन स्वामी मोनू मसीह के स्वामित्व के वाहन टाटा आयसर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएस 4056 को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि (30 दिवस) समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन को नियमानुसार आरटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई करते हुए प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

// नामांतरण प्रकाशन सूचना//

क्रमांक.1788/रा.नामा/न.प./ 2024-25 डोंगरगांव दिनांक 27.12.2024

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

क्र.	वार्ड क्रमांक	वार्ड का नाम	भवन/डिमांड क्रमांक	रकबा/खसरा क्रमांक	भूमि / भवन	वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कार्ता का नाम)/विक्रेता	आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता	स्थायित्व अर्जन का स्वरूप
1	11	संत कबीर वार्ड	---	572/1 का टुकड़ा, रकबा 1920 वर्गफुट	भूमि/ भवन	श्री भीखाराम पांट संपेती पिता रोतनलाल संपेती, वार्ड-11 साकेतधाम डोंगरगांव	श्री सत्यम संपेती, श्री सपकित संपेती पिता मनोज संपेती वार्ड-11 साकेतधाम डोंगरगांव	दान पत्र

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव

ज्ञान मंथन

1) भारतीय संविधान सभा ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की रूपरेखा को कब अंगीकार किया था?
2) जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित मुकदमा लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे?
3) उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर सुपर हाइवे का करबा कौन-सा है?
4) देश के महत्वपूर्ण शहरों और राजधानियों को जोड़ने वाले राजमार्ग क्या कहलाता है?
5) शरद चंद्र पवार गुट को कौन-सा चुनावी चिन्ह मिला है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष
शरदचंद्र पवार

उत्तर माला

(1) 22 जुलाई, 1947 (2) पी एन भगवती (3) झाँसी (4) राष्ट्रीय राजमार्ग (5) तुरहा बजाता हुआ व्यक्ति

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाशपुरी चौक निवासी प्रार्थी मिथलेश साहू 27 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलई 7617 को कैलाशपुरी स्थित एएन एडवांस पैथोलॉजी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बीआईपी सिटी सड्डू निवासी इंदल निषाद 39 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 पीक्यू 1090 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

निधन

भागवत दास साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नया ढाबा निवासी श्री भागवत दास साहू सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक 78 वर्ष का 28 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री साहू जी दार्शनिक चिंतक एवं संस्कृत के विद्वान थे। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। आज उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से सुबह 10:00 बजे निकलेगी।

जिनकी 53 वीं पुण्य तिथि है 28/12/2024 पर विशेष

साधारण लोगों के लिये जीवन पहेली नहीं है,वह छाया मय नहीं है,उसमें सत्य की कठोरता है , उसमें शुष्कता है, कष्ट है, प्रयास है, चिंता है और व्यग्रता है। हम यदि अपने को धोखा देना न चाहे तो सत्य के उज्जवल प्रकाश में हमारे लिये जीवन का यथार्थ रूप प्रगट हो जायेगा।
===
मेरे कष्टों एवं असफ्लताओं में आदर्श की कोई गरिमा नहीं है, मेरे सुख और गौरव में भाव की उच्चता नहीं है, तो भी मैने निश्चय किया है कि आज मैं अपने ही जीवन की कथा लिखा करूंगा।

- पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

प्रस्तोता के शब्दों में
रिश्ते में हम उनके नाती है,
हम तो तब नादान थे।
उम्र में कच्चे ,बच्चे थे ,
उनकी विद्वता नहीं जानते थे।
उनकी विद्वता तब समझते थे
जब वे हमें पिपरमेंट देते थे।

गजेन्द्र बख्शी
राजनांदगांव छ ग़

राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ने किया विभिन्न ग्रामों का दौरा

ग्रामों को स्वच्छ रखने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य समन्वयक (स्वच्छता प्रकोष्ठ) एवं प्रभारी दुर्ग संभाग श्रीमती अभिलाषा आनंद द्वारा जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्रामों का दौरा कर स्वच्छता का अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत अंजोरा में सामुदायिक शौचालय के संचालन एवं देखरेख के संबंध मे पंचायत प्रतिनिधियों, आसपास के दुकानदारों से चर्चा कर साफ-सफाई बनाए रखने हेतु सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कहा गया। ग्राम के भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों को खुले में कचरा फेंकने से स्वास्थ्य पर पडने वाले नकारात्मक प्रभाव से अवगत कराया तथा ग्राम में गंदगी फैलाने वालों पर अर्थदण्ड लगाने भी कहा। उन्होंने ठोस अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण शेड मे कचरे की नियमित छंटाई करने एवं कबाड़ी वाले से अनुबंध करके बिक्री करने, प्रतिमाह स्वच्छाग्राही दीदी को सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि 15वें वित्त एवं युजर चार्जेस से दिलाने के निर्देश दिए।

राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद ने ग्राम पंचायत कोपेडीह के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से सिंगल युज प्लास्टिक को जलाने से होने वाले रोगों के संबंध चर्चा की। ग्राम पंचायत द्वारा वर्तमान में स्वच्छाग्राहियों को 15 वें वित्त से 9000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने पर प्रशंसा व्यक की। साथ ही युजर चार्जेस के लिए जनजागरूकता लाने निर्देशित किया गया। उन्होंने सामुदायिक शौचालय को लगातार चालू रखने हेतु निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायत बघेरा में स्वच्छता दीदीयों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कचरा पृथक्करण शेड के माध्यम से 6500 रूपए की कबाड़ी की बिक्री की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा युजर चार्जेस 70000 रूपए वार्षिक लिया जा रहा है। उन्होंने ग्राम में निर्मित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया गया और संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती अभिलाषा आनंद ने ग्राम पंचायत बोरी में स्वच्छताग्राहीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से लैंडफिल करने, ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के कचरे को खुले में नहीं फेंकने के लिए जागरूक करने, सामुदायिक शौचालय में ब्लैक एवं ग्रेवाटर की समुचित निपटान हेतु सोख्ता निर्माण करने, संचालन एवं देखरेख हेतु समीप के दुकान को जिम्मेदारी देने निर्देशित किया गया। इस दौरान स्वच्छता शुल्क हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सभी परिवारों को रसीद दिए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने सभी पंचायतों मे इसी तरह की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

नवोदय परीक्षा की तैयारी हेतु मेगा टेस्ट का आयोजन

250 छात्र छात्राओं ने शामिल हुए

डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनंदगांव एवं तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वाधान में 28 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाली नवोदय परीक्षा हेतु मेगा माक टेस्ट का आयोजन किया गया। साहू संघ द्वारा आयोजित इस परीक्षा में लगभग 250 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर परीक्षा की बारीकियों एवं विधियों से भली भांति परिचित हुए , तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा सामाजिक भवन में नि:शुल्क नवोदय परीक्षा कोचिंग क्लास विगत दो माह से संचालित किया जा रहा था इसके साथ ही जिला साहू संघ राजनांदगाव द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का नि:शुल्क कोचिंग क्लास विगत 2 वर्षों से संचालित की जा रही है इन कोचिंग क्लासेस में सभी वर्ग समुदाय के छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपना करियर आगे बढ़ा रहे हैं।नवोदय परीक्षा हेतु नि:शुल्क मेगा टेस्ट का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को परीक्षा के नियमों एवं निर्धारित समय में प्रश्न पत्र कैसे हल करें आदि महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराते हुए उनके मानसिक ,शारीरिक व बौद्धिक क्षमता में गुणात्मक वृद्धि करना है। आयोजित मॉक टेस्ट में प्रथम स्थान डेविस कुमार साहू 97.5, द्वितीय फरहान अंसारी 97.5, उत्कर्ष 92.5, चिराग कोचे 92.5, राहुल रावटे 91.5, डीलेश्वरी यादव 88.75, धर्मेश साहू 88.75 ,विधि 86.25, देव साहू 86.25,पलक ठाकुर 86.25, सुप्रिया नेताम ,नव्या सहारे ,सिमन वर्मा 85.व हेजल 83.7 ऊब अंक प्राप्त किये। इन बच्चों को जिला साहू संघ राजनांदगाव के संगठन सचिव माधव साहू एवं पर्यावरण प्रेमी भोज साहू डोंगरगाँव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मेगा टेस्ट में विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर एल पात्रे सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी व सामाजिक पदाधिकारी एबीओ जयंत साहू, जिला संयोजक यशवंत साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ,गुमान साहू , विपला दास साहू, मनोज गेंगबर , परिक्षेत्र सचिव दीवान भेड़ी महेश साहू , नगर साहू संघ डोंगरगाँव के संरक्षक इंदु साहू , जिला साहू संघ के संगठन सचिव माधव साहू , अनिल साहू , भोज साहू , हृदय राम हिरवानी ,नवोदय शिक्षक पुरुषोत्तम साहू , दिनदयाल साहू, महेन्द्र बघेल, रामप्रकाश साहू,महेश्वर साहू नगर साहू संघ अध्यक्ष कौशल साहू, ताम्रध्वज साहू एवं पालक गण व अन्य सामाजिक पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

भाजपा संगठन में महिलाओं को मिलेगी जिम्मेदारी : अरुण साव

रायपुर. छत्तीसगढ़ में भाजपा मंडल के अध्यक्षों की नियुक्ति विवाद के बीच बड़ी बैठक की गई, इसमें प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन भी शामिल हुए, इसे लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि मंडल अध्यक्षों का अच्छे से चुनाव संपन्न हुआ है. 400 से ज्यादा मंडल है, एक दो में शिकायत आई है. जिला अध्यक्षों के चयन में बहुत अच्छे से राय सुमारी हुई है. तीन नामों का पैनल बनाकर केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा गया है. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बीजेपी ने नारी सशक्तिकरण के लिए काम किया है. राजनीति में भागीदारी महिलाओं की हो इस दिशा में बीजेपी काम करती है. मंडल अध्यक्षों के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव में महिलाओं को जिम्मेदारी मिलेगी. उप मुख्यमंत्री अरुण साव क्षेत्र में जनसंपर्क करेंगे. उन्होंने कहा कि मैं नियमित रूप से जनसंपर्क जाता हूं, ये देखने कि लगातार क्षेत्र में विकास हो रहा है या नहीं. हम आदिवासियों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम कर रहे हैं. रायपुर के शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि लगातार उस दिशा में काम हो रहा हैं. जल जीवन मिशन में हो रहे कामों को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का काम ग्रामीण क्षेत्र के लिए है, शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन योजना है. हर घर तक नल से जल पहुंचाने का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है. कामों को तेज गति से आगे बढ़ाने का काम हो रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप जल पहुंच सके.

जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने स्थान निर्धारित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया एवं डोंगरगांव के जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने स्थान निर्धारित किया गया हैं। साथ ही नाम निर्देशन प्राप्त करने एवं नाम-निर्देशन पत्र की आवश्यक व्यवस्था करने के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत छुरिया के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से 25 तक जनपद पंचायत सदस्य पद हेतु तहसील कार्यालय छुरिया में नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा। जनपद पंचायत सदस्य पद हेतु नाम निर्देशन प्राप्त करने तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री होरीलाल साहू को नियुक्त किया गया है। छुरिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रीटोला (आंको), घोरतालाब, पेण्ड्रीडीह, सड़क चिरचारी, तेलीनबांधा के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन सड़क चिरचारी में याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार श्री नोजेन्द्र गीतम द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत लालूटोला, पाटेकोहरा, पिनकापार, रंगीटोला, रानीतलाब के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन लालूटोला में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला श्री केशोराम जोशी द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत झिथराटोला, महाराजपुर, नागरकोहरा, रामपुर, शिकारीटोला, काड्डटोला के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन झिथराटोला में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झिथराटोला श्री महेन्द्र साहू द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत भण्डारपुर, हालेकोसा, जरहामाहका, मगरधोखरा, पुर्रमटोला, शिकारीमहका के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन शिकारीमहका में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला शिकारीमहका श्री दयालशरण मेश्राम द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत गोपालपुर, जैतगुंडरा, जोब, खोभा, मरकाकसा, पण्डरापानी के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन जोब में प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोब श्री धर्मेन्दु कुमार रजक द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत आमगांव, बम्हनीचारभाटा, बेंदाड़ी, झाडीखैरी, केशोटोला, गेरूघाट, नांदियाखुर्द के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन बम्हनीचारभाटा में व्याख्याता शासकीय हाई संकुल बम्हनी चारभाटा श्री मधुसूदन सिंह ध्रुव द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत भकुर्रा, बूचाटोला, दामाबंजारी, काड्डबंजारी, मेटेपार, मासूल के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत काड्डबंजारी में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला काड्डबंजारी श्री भूपेन्द्र कुमार केवर्त द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत आलीवारा, घोटिया, जयसिंगटोला, कुहीकला, टिपानगढ़ के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन कुहीकला में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुहीकला श्री निलेश कुमार जंघेल द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत धमपुटोला, फफमार, गैंदाटोला, मातेखेड़ा, साल्हेटोला, सीताकसा गै. के सरपंच एवं पंच पद हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत भवन गैंदाटोला में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गैंदाटोला श्री बी देवांगन द्वारा नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा।

धर्म समाचार....

साल 2025 में खूब बजेंगी शहनाईयां, अभी नोट कर लें विवाह के शुभ मुहूर्त

विवाह जीवन का सबसे खास समय होता है जो हमारे 16 संस्कारों का भी हिस्सा है। विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान रखना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका असर हमारे जीवन के साथ-साथ उस कार्य पर भी पड़ता है। ऐसे में साल 2025 की शुरुआत होने से पहले शादी के शुभ मुहूर्त के बारे में जान लेते हैं जो यहां पर दिए गए हैं। सनातन धर्म में कोई भी कार्य बिना शुभ मुहूर्त को जाने नहीं किया जाता है। किसी भी मांगलिक कार्य को करने से पहले उनका शुभ मुहूर्त जानना बेहद जरूरी होती है। खासतौर पर शादी जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण समय में से एक है और यह हमारे शास्त्रों में वर्णित 16 संस्कारों का भी हिस्सा है। विवाह के लिए मुहूर्त का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसका असर हमारे जीवन के साथ-साथ उस कार्य पर भी पड़ता है। जब साल 2025 की शुरुआत होने ही वाली है, तो आइए इस साल विवाह के कितने शुभ मुहूर्त हैं उसके बारे में जानते हैं।

साल 2025 में विवाह की शुभ तिथि और मुहूर्त

जनवरी 2025 विवाह का मुहूर्त - जनवरी महीने में 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 24, 26 और 27 जनवरी को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

फरवरी 2025 विवाह का मुहूर्त - 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23 और 25 फरवरी को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

मार्च 2025 विवाह का मुहूर्त -1, 2, 6, 7 और 12 मार्च को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

अप्रैल 2025 विवाह का मुहूर्त - 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 अप्रैल में कुल 9 शादी के मुहूर्त हैं।

मई 2025 विवाह का मुहूर्त - 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 और 28 मई को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

जून 2025 विवाह का मुहूर्त - 2, 4, 5, 7 और 8 जून को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

नवंबर 2025 विवाह का मुहूर्त - 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30 नवंबर को शादी के शुभ मुहूर्त हैं।

दिसंबर 2025 विवाह का मुहूर्त - 4, 5 और 6 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

इन चार महीनों में नहीं है कोई भी शुभ मुहूर्त

जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं है, क्योंकि जून में भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे। वहीं, नवंबर और दिसंबर में विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

विवाह का धार्मिक महत्व

सनातन धर्म दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक है, जो कई प्रकार की परंपराओं और मान्यताओं से समृद्ध है। इस परंपरा में से एक शुभ विवाह भी है, यह जीवन का सबसे खुशनुमा पल होता है। विवाह कई तरह से किए जाते हैं, प्रत्येक के अपने-अपने रीति-रिवाज और महत्व होते हैं।

हिंदू धर्म में यह 16 संस्कारो मे से एक होता है और इसके बगैर कोई भी व्यक्ति ग्रहस्थाश्रम में प्रवेश नहीं कर सकता है। इसलिए हमारे शास्त्रों में विवाह को सबसे महत्वपूर्ण और कल्याणकारी माना जाता है।

सोमवती अमावस्या तक इन दो राशियों पर बरसेगा धन

30 दिसंबर को सोमवती अमावस्या है, जो भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ मानी जाती है। इस दिन पितरों का तर्पण करने से मोक्ष मिलता है। ज्योतिषियों के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन वृश्चिक राशि में चंद्रमा के प्रभाव से दो राशियों को व्यापार में जबरदस्त लाभ होगा। वैदिक पंचांग की मानें तो 30 दिसंबर को सोमवार के दिन पौष अमावस्या है, इसलिए ये सोमवती अमावस्या है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है, क्योंकि सोमवार को उनका दिन होता है। इस दिन पितरों का तर्पण करने से उनको मोक्ष मिलता है। पितरो के आशीर्वाद से धन-संपत्ति और समृद्धि में इजाफा होता है। ज्योतिषियों का मानना है कि सोमवती अमावस्या के दिन दो राशियों को जबरदस्त लाभ होगा, क्योंकि इस दिन तक चंद्रमा वृश्चिक राशि में रहेगा। उनको व्यापार में लाभ होगा। इन दो राशियों के बारे में विस्तार से हम इस आर्टिकल में बताएंगे।

तुला राशि- ज्योतिषियों के अनुसार तुला राशि के स्वामी शुक्र देव हैं। इनकी आराध्या मां दुर्गा हैं। चंद्रमा के वृश्चिक राशि में गोचर करने से तुला राशि के जातकों को विशेष लाभ पहुंचा है। वह करियर व व्यापार में जबरदस्त सफलता हासिल करेंगे, जिससे परिवार व समाज में मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। चंद्र देव के आशीर्वाद से इस राशि के जातकों को दिमाग ठंडा रहेगा, जिससे मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। तुला राशि वाले के वर्षों से रुके हुए काम पूरे होंगे। घर पर नए मेहमान के आने की पूरी संभावना है। ऐसे में अभी से ही तैयारियां शुरू कर सकते हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे आपस में प्यार और बढ़ेगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने की योजना पर विचार हो सकता है।

मकर राशि- मकर राशि के जातकों के लिए चंद्र देव का वृश्चिक राशि में गोचर फायदेमंद होने वाला है। स्वास्थ्य ठीक होगा, जिससे खुद में आत्मविश्वास बढ़ेगा। पुराने दोस्त से मिल सकते हैं, जिसके साथ बाहर घूमने की योजना बन सकती है। सालों से रुके हुए काम बनना शुरू हो जाएंगे, जिससे धन का लाभ होगा। वाणी में मधुरता होने से लोगों से संबंध मजबूत होंगे।

nandgaon times dec-29-2.qxd 12/28/2024 10:37 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग ने युवा खिलाड़ियों में भरी नई ऊर्जा- मधुसूदन यादव

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़एक्सीलेंस बिलासपुर और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगाँव के बिच आज फाइनल का महामूकाबला

बिलासपुर और राजनांदगांव के बीच फाइनल का महमुकाबला आज

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का फाइनल आज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर बालक वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमे बिलासपुर खेलो इंडिया एवं राजनांदगाँव खेलो इंडिया ने मैच जीत कर फाइनल मे अपनी जगह सुनिश्चित की।

खेले गए सेमिफाइनल मैच मे मुख्यअतिथि के रूप मे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने की। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन मे कहा की खेलों व्यक्तित्व और अनुशासन निखरता है। रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के माध्यम से युवा खिलाड़ियों मे एक नये ऊर्जा का संचार हुआ है। गर्व की बात है की सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाली चारो टीमें छत्तीसगढ़ की है यह इससे भी बड़ा गौरवान्वित करने वाला बात यह है की इस राष्ट्रीय स्तर के रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता मे आज फाइनल खेलने वाली टीम हमारे राजनांदगाँव की है। इससे यह साबित होता है की राजनांदगाँव की हॉकी और यहाँ के हॉकी खिलाड़ी इस विधा मे दक्ष है।

छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने फाइनल मे पहुंचने वाली टीम खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर एवं राजनांदगाँव को बधाई दी और कहा की रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के द्वारा हरसंभव मदद प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे राजनांदगाँव रनर्स मे फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने वाली संस्था राजनांदगाँव रनर्स ग्रुप के सदस्य मुरली खंडेलवाल, चंद्रभूषण गायधने, निकेत जैन, जीतेन्द्र शर्मा, लोकेश अग्रवाल,जयेश कोठारी, समाज सेवी अविनाश शर्मा, शंकर खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल, पंकज खंडेलवाल,ललित जैन तथा डॉ सुरभि महोबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर रनर्स ग्रुप के सदस्य उमेश करिककवार के द्वारा लेह लद्दाख मे अल्ट्रा मैराथन को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए सम्मान किया गया साथ ही तौफीक अहमद एवं सुखदेव निर्मलकर को वन विभाग मे, तरुण यादव को भारतीय रेलवे मे तथा दीपेश चौबे को कस्टम पुणे मे अधिकारी के रूप मे नियुक्ति होने पर सम्मानित किया गया साथ ही मार्च पास्ट इंस्ट्रक्टर चंद्रहास साहू एवं कैडेट चन्दन जांगडे को भी सम्मानित किया गया। पहला सेमीफाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर आ विरुद्ध खेलो इंडिया सेंटर ब के मध्य खेला गया खेलो इंडिया आ न अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 5-0 गोल से जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया खेलो इंडिया सेंटर आ की ओर से आनंद सूर्यवंशी, ओम यादव, अंकित कुजूर,अनिकेत कुजूर,और मनीष बट्टी सभी ने 1-1 गोल किया था वंही खेलो इंडिया ब ने गोल करने का प्रयास करती रही किन्तु खेलो इंडिया सेंटर आ ने कोई भी गोल करने नही दिया था।दूसरा सेमीफाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव विरुद्ध डीएचए राजनांदगांव के मध्य खेला गया इस रोमचकारी मुकाबले में दोनों ही टीम अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया इस रोमाचक मुकाबले में मैच के 6वे मिनट में खेलो इंडिया के मो सोएब ने गोल कर 1-0 गोल की बढ़त बनाई जिसे मैच के 10 वे मिनट में डीएचए राजनांदगांव के अजय यादव ने गोल करते 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था वंही मैच के 13वे मिनट 16वे मिनट और और 19वे मिनट में यजत कौशिक ने 2 गोल अभिषेक यादव ने 1 गोल किया वंही डीएचए की ओर से मैच के 22वे मिनट और 26वे मिनट में सन्नी यादव और अजय यादव ने गोल कर स्कोर 4-3 पर ला दिया था किंतु मैच के 31वे मिनट में मो.सोएब ने गोल करते हुए डीएचए राजनांदगांव को 5-3 गोल से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ़द मैच का पुरस्कार बिलासपुर टीम के नीरज को प्रदान किया गया।

रणविजय प्रताप सिंह को खेल सेवा सम्मान।

दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह को उनके खेल के प्रति विशेष योगदान के लिए रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के फाइनल मैच के

दरमियान सम्मान किया गया। रणविजय प्रताप सिंह ने अपने कार्यकाल मे अनेक युवाओं को आर्मी, बी एस एफ छत्तीसगढ़ पुलिस जैसे संस्थाओ के लिए तैयारी मे मदद की तथा इनके द्वारा प्रशिक्षित युवा आज हमारे राज्य एवं देश के सुरक्षा के लिए तैनात है। वर्तमान मे रणविजय प्रताप सिंह छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ उपाध्यक्ष, राजनांदगाँव जिला एथलेटिक संघ सचिव एवं राजनांदगाँव जिला ओलंपिक संघ में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत खेले गए सेमीफाइनल मैच में राजनांदगाँव के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों मे छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ्रिरोज़ अंसारी,जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा, प्रकाश शर्मा, नीलम चंद जैन, भूषण साव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अशोक नागवंशी,भूषण साव, अनुराज श्रीवास्तव, पीयूष वर्मा, हारुन खान, दीपेश चौबे एवं आशीष सिन्हा की उपस्थिती रही। मैच में किशोर धीवर, दिलीप रावत,लुईस तिर्की, अतुल महिलांगे,राजेश निर्मलकर, कृष्णा यादव,अभिनव मिश्रा हिमांशु मालिक,आदर्शराज सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। हॉकी नर्सरी राजनांदगाँव के खेल प्रेमी जनता के सम्मान मे प्रदान किया जा रहा है एस ई सी एल बेस्ट दर्शक अवार्ड रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग मे हॉकी नर्सरी के खेल प्रेमी जनता के सम्मान मे प्रत्येक दिन एस ई सी एल बेस्ट दर्शक का अवार्ड भी प्रदान किया जा रहा है जिसके तहत ट्रनॉमेंट के सातवे दिन यह अवार्ड हॉकी खेल प्रेमी दर्शक बांसपईपारा के मधुकर सावरिया को प्रदान किया गया।

आज फाइनल मैच- खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर विरुद्ध खेलो इंडिया राजनांदगाँव के मध्य दोपहर 3 बजे

जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए अब तीन नाम पर हो रहा हैं मंथन

शिव वर्मा, कोमल सिंह राजपूत और सौरभ कोठारी के नाम पर होगा फाइनल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य की सत्ता सीन भाजपा के जिला अध्यक्ष जैसे प्रतिष्ठा पूर्ण पद के लिए प्रदेश आला कमान लगातार मंथन कर रहा है। छन कर आ रही खबरों के मुताबिक शिव वर्मा, कोमल सिंह राजपूत और सौरभ कोठारी अब इन तीन नाम में से किसी एक पर मुहर लगा सकती है। देखा जाए तो इन सभी दावेदार के पास अपने-अपने समर्थकों की कमोवेश बड़ी फौज है। साथ ही यह सभी लंबे समय से राजनीतिक अनुभव रखते हैं।

शिव वर्मा - नगर निगम की राजनीति में बहुत पहले से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपनी शुरुआत बहन कचरा वर्मा के पार्षद रहते की उनके कार्यों में सहयोग करते हुए निगम के राजनीति को समझा और बहुत जल्दी भाजपा की राजनीतिक प्रतिष्ठा हासिल कर ली। श्री वर्मा की प्रतिद्वंदी पार्टी कांग्रेस की गलत नीतियों के खिलाफआवाज उठाने में प्रखर रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक ऊंचाई तब प्राप्त की जब शहर भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष बने तत्पश्चात भाजपा के शासनकाल में निगम अध्यक्ष भी बने। कांग्रेस के शासनकाल में नेता प्रतिपक्ष रहे। आज भी वह वरिष्ठ पार्षद रहते हुए गरीबों के हित में और शहर विकास में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। साथ ही संगठन में सक्रियता का परिचय देते रहे हैं। भाजपा को जीत दिलाने में उनकी बड़ी भागीदारी हर चुनाव में रही है।

कोमल सिंह राजपूत - मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय मुख्यमंत्री निवास कैंप में मुख्यमंत्री से संबंधित कार्यों को निपटाने में तथा अभिषेक सिंह के कार्यकाल के समय सांसद के संबंधित कार्यों को निपटाने में तथा प्रदेश भाजपा संगठन में कोमल सिंह राजपूत की विशेष भागीदारी को भुलाया नहीं जा सकता हैं। श्री राजपूत लंबे अर्से से किसानों के हित में भी काम करते रहे हैं। वर्तमान में वे प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले वह मंडी उपाध्यक्ष भी रहे हैं। विधानसभा लोकसभा आदि चुनाव में उनकी सक्रिय भागीदारी की चर्चा पार्टी में बनी रही है।

सौरभ कोठारी - छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के खासम खास माने जाने वालों में सौरभ कोठारी का नाम आता है। हालांकि वह मूल रूप से व्यापारी है। लेकिन राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी की चर्चा होती रहती है। वर्षों से शहर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। म्युनिसिपल स्कूल मैदान में विजयादशमी महोत्सव में उनका खास भूमिका रहता है। जिला भाजपा में कोषाध्यक्ष के पद पर बने हुए हैं।

धान खरीदी केंद्र कनेरी का किया निरीक्षण

किसानों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत कनेरी के अंतर्गत आने वाले कनेरी धान खरीदी केंद्र में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने निरीक्षण किया तथा किसानों की समस्याओं को सुना। इस दौरान वहां धान बेचने आए किसानों से धान खरीदी महाअभियान के विषय में खुलकर चर्चा की तथा किसानों की समस्याओं को सुना।प्रदेश में शाय सरकार के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में धान खरीदी का कार्य लगातार जारी है। बहुत बड़ी मात्रा में किसान धान खरीदी केंद्र पहुंचकर अपने धान को बेच रहे है,किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार किस समस्या न हो इस विषय में धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा किसानों से बात की। इस निरीक्षण के दौरान श्री गांधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बोधी साहू,भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गिरवर साहू,जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रशांत कोडापे व चंदू अग्रवाल, चंद्रप्रकाश देशमुख, थनवर, घनश्याम, फूलसिंह तथा अंचल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिक्षक समस्या निवारण शिविर में 101 आवेदन हुए प्राप्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने निर्देशानुसार शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंड

मुख्यालयों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिसमें विकासखंड राजनांदगांव से 49, डोंगरगढ़ से 24, डोंगरगांव से 13, छुरिया से 15 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सेवा पुस्तिका संधारण, पासबुक संधारण, ऑनलाईन पोर्टल में अवकाश संधारण, समयमान वेतनमान एरियर्स, उच्च परीक्षा अनुमति संबंधी 101 आवेदन शामिल थे। विकासखंड राजनांदगांव से प्राप्त 36, डोंगरगढ़ से प्राप्त 9, डोंगरगांव से प्राप्त 4 एवं छुरिया से प्राप्त 5 आवेदनों का विकासखंड स्तर पर कुल 54 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण किया गया। जिला स्तर के आवेदन का निराकरण 7 दिवस के भीतर नियमानुसार जांच कर किया जाएगा तथा 47 आवेदनों को संयुक्त संचालक एवं लोक शिक्षण संचालनालय को निराकरण के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

एनपीपीएस-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक व एनएफएस का वार्षिकोत्सव बोरी स्कूल में सम्पन्न हुआ

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल का त्री.दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह 22 दिसण् से 24 दिसण् 2024 तक एनबीआईएस.बोरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का थीम ष्ध्वोकल फार लोकलष्ण् था। इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस दिवस एनबीआईएस.बोरीए द्वितीय दिवस एनपीपीएस.बल्देवबाग एवं तृतीय दिवस एनपीपीएस.बल्देवबाग एवं जय स्तंभ चौक सहित एनएफएस स्कूल का कार्यक्रम अतिहर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों एवं पालकों का मन मोह लिया। ष्संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण हेतु आवश्य शिक्षा भी एनबी.गुप स्कूल्स के बच्चों को यहाँ सिखायी जाती है। इसी का परिणाम है कि इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्र भक्ति सहित शिक्षाप्रद नाटकए नृत्य एवं स्वच्छ भारत की छवि बनाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति नन्हें मुन्हे बच्चों ने दी। कार्यक्रम की इसी कड़ी में बच्चों को प्राफेसिएंसी अवार्ड एवं अन्य अवार्ड सहित पैरेंट्स ट्राफियों भी वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रमशः श्री संजय अग्रवाल ;कलेक्टरद्धए श्री प्रवास सिंह बघेल ;जिला शिक्षा अधिकारीद्ध एवं श्री राहुल देव शर्मा ;एडिशनल एसपीद्ध रहे। उन्होने अपने वक्तव्य के दौरान यह कहा कि एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चैक के नन्हेमुन्हें बच्चों भारतीय संस्कृति की रक्षा सहित राष्ट्रनिर्माण की शिक्षा भी ले रहें हैए यह बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुति में जाहिर हो रहा है। उन्होंने इसके लिए इंजीण् नीरज बाजपेयी की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दी। संस्था के त्री.दिवसीय वार्षिकोत्सव ष्वोकल फार लोकलष्ण् . 2024 ष्ठड़ानष्ण् में एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउण्डर एवं डायरेक्टर इंजीण् नीरज बाजपेयी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयीए सुश्री कुंतल बाजपेयीए श्रीमती रेणु बाजपेयीए संस्था प्राचार्या श्रीमती ईला राठौरए उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंगए श्रीमती स्नेहा तिवारीए श्रीमती मधुजा शास्त्री एवं प्रतिष्ठित नागरिकए छात्र.छात्राएंए शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे। अतिथियों के स्वागत पश्चात् एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजीण् नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि आज पर्यंत वे उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथए अपने विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाए हुए हैं। उनके यह केंद्र मंदिर की तरह पावन और गरिमापूर्ण है। एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल्स को पूरे प्रदेश में श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बनाने का अपना संकल्प दुहराते हुए उन्होंने भविष्य की योजनाओं को भी उपस्थित पालकों के समक्ष रखा। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

सुरगी मे डामरीकरण की पहली परत लोगो के चेहरो मे लाई मुश्कान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। हल्दी सुरगी कुम्हालोरी मार्ग से अर्जुंदा गुंडरदेही मार्ग पहुचने वाले यह सड़क मार्ग कई वर्षो से बदहाली खस्ताहाल की मार झेल रही थी। जर्जर सड़क पर लोगो का चलना मुश्किल हो गया था। आज ग्राम सुरगी के मुख्य चौक पर डामरीकरण की पहली परत बिछाई जा रही है जिससे लोगो की चेहरो पर मुश्कान देखी गई।सड़क निर्माण

किसी भी देश के विकास के लिए बहुत जरूरी होता है सड़क सिर्फ यातायात के साधन ही नहीं होती बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में भी अहम भूमिका निभाती है। हल्दी सुरगी कुम्हालोरी मार्ग 10.40 किलोमीटर का नव निर्माण कार्य प्रगति पर है। करीब 4 साल के इंतजार के बाद इसका निर्माण कार्य अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। इसके लिए 16 करोड़ रुपए की स्वीकृति शासन ने दी है। नया सड़क का निर्माण कार्य का डामरीकरण का कार्य आज ग्राम सुरगी में पहुंचा इससे क्षेत्रवासियों के चेहरे पर खुशी देखी गई। यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी थी कि एक ग्रामीण की मौत भी हो चुकी थी। यहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान निर्माण के लिए घोषणा की थी लेट लतीफी की वजह से यहां परेशानियां बढ़ गई थी। भाजपा के पदाधिकारी ने पदयात्रा निकाली, मौजूदा अफसर की लेटलतीफी की वजह से निर्माण, विधानसभा चुनाव के आचार संहिता के पहले शुरू नहीं हो पाया चुनाव के बाद सरकार बदली अब जाकर सड़क का नव निर्माण कार्य प्रगति पर है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com